# मातृभाषा दिवस पर बहुभाषी कवि सम्मेलन



**कोलकाता.** साहित्य अकादमी के पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर ऑनलाइन बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. जिसमें सात भाषाओं के कवियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया. कार्यक्रम के आरंभ में अकादमी के क्षेत्रीय सचिव डॉ देवेंद्र कुमार देवेश ने मातृभाषा के महत्व और मातृभाषा दिवस की विशिष्टता पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर दिगंत सैकिया (असमिया), सूर्य मंडल (बांग्ला), कंफू खूंगुर ब्रह्म (बोडो), प्रसन्न कुमार स्वाइन (ओड़िया), चंद्रमोहन किस्कू (संताली), अक्षय आनंद सन्नी (मैथिली) और के सरिता (मणिपुरी) ने अपनी-अपनी भाषाओं में कविताओं का पाठ किया. नयी पीढ़ी को भाषा से समृद्ध करने की द्रृष्टि से बाल साहित्य की सर्जना का अपना ही महत्व है, इसको ध्यान में रखते हुए मैथिली के कवि अक्षय आनंद सन्नी ने अपनी एक बाल कविता का पाठ भी किया.